आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

29.01.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने विकास के नित्य नये आयाम स्थापित करने की श्रृंखला में आज एक नया अध्याय जोड़ दिया है। इसी विकास की एक और कड़ी को जोड़ते हुए आज दिनांक 29.01.2019 को आरेडिका में पहली बार निर्मित एल.बी.सी. हॉट बुफेट (पेन्ट्रीकार) कोच को महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना द्वारा प्रथम निर्मित एल.बी.सी. हॉट बुफेट (पेन्ट्रीकार) कोच को विभिन्न प्रकार कि सुविधाओं का समावेश किया गया है। इस एल.बी.सी. हॉट बुफेट (पेन्ट्रीकार) कोच को फायर डिटेक्ट सिस्टम और अग्नि शमन प्रणाली से सुसज्जित किया गया है। यह पेन्ट्रीकार पूरी तरह से वातानुकूलित है और अंदर धुएं से मुक्त रखने के लिए निकास–चिमनी का व्यवस्था किया गया है। साथ–ही साथ पेन्ट्रीकार को अपग्रेडेड करते हुए ऑस्टेनिटिक स्टील काउंटर, डीप फ्रिजर, रेफ्रिजेटर, बॉटल कूलर, हॉट वाटर वॉयलर, वेजिटेरियन व नॉन–वेजिटेरियन हॉट केश, स्मोक लेस मल्टी प्वाईंट इलेक्ट्रिक कुकींग रेंज, वाटर प्यूरिफायर, वॉश सिंक, मैनेजर रुम, स्टोर रुम एवं इसमें चलने वाले चालक दल के लिए 15 बर्थ की व्यवस्था भी है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई अनूप कुमार के संग सभी वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

(आर.पी.शर्मा)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी